# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# गांवों में संचार सेवा आज भी चल रही भगवान भरोसे

**अभाव**

## संचार क्रांति के दौर में सीमांत के गांव संचार के लिए आज भी वंचित

गोल्फा तौमिक के ग्रमीण हाय हैलो को तरस रहे है



**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ़। सीमांत जनपद की तहसीलों के गांवों में वर्तमान में संचार सेवा भगवान भरोसे चल रही है। सीमांत के आज भी कई गांव ऐसे है जो संचार क्रांति के दौर में आज भी संचार के लिए वंचित हो चुके है। बता दें कि जिन गांवों में मोबाइल टावर लगे हुए है वे तो ठीक से काम भी नही कर पा रहे है। ऐसे हालातों में गांव के ग्रमीणों को बात करने के लिए इलाके से पांच किमी दूर जाना पड़ रहा है।

दूसरी ओर सीमांत के बच्चों की आन लाइन पढाई भी ऐसे में पूरी तरह प्रभावित हो चुकी है। सीमांत के कई गांव आज भी संचार के लिए तरस रहे है। विगत कई लंबे समय से जिले के सीमांत तहसीलों पर बसे गांवों में संचार सेवा का खासतौर पर व्यवधान चल रहा है। जानकारी के मुताबिक सीमांत जपनद पिथौरागढ से लगी मुंसयारी तहसील क्षेत्र के गोल्फा , तौमिक व बौना गांव में आज भी संचार सेवा कोई पुख्ता इंतजाम नही हो पाया है। क्षेत्र के ग्रमीण लंबे समय से संचार सेवा के लिए तडप रहे है। आलम यह है कि सीमांत के सुदूरवर्ती गांवों के ग्रमीणों को अपने परिजनों व रिश्तेदारों का हालचाल तक जानने का अवसर नही मिल पा रहा है। वही इलाके के ग्रमीणों ने कहना है कि उनके द्वारा क्षेत्र में जिन दिनों मोबाइल टावर लगते हुए देखे गये तो इलाके के ग्रमीणों द्वारा मोबाइल भी खरीदे गये मगर आज तलक इन मोबाइल यंत्रों में एक बार घंटी तक नही बजी । ऐसे हालातों में उनके द्वारा खरीदे गये मोबाइल यंत्र महज अब शोपीस बनने लगे है। इलाके के ग्रमीणों का कहना है कि कई बार इस मामले पर स्थानीय जन प्रतिनिधियों के माध्यम से राज्य के मुख्यमंत्री को ज्ञापन तक प्रेषित कर चुके हैवही अब तक उनकी समस्या का समाधान नही हो सका है।

सीमांत तहसीलों के गांव में आज तलक संचार सेवा के नाम पर इलाके के ग्रमीणों को छलने के सिवाय और कुछ भी लाभ नही मिल सका है। वही गांव के ग्रमीणों का कहना है कि संचार क्रति के दौर में आज भीसीमांत के कई गांव संचार के लिए मोहताज हो रहे है। वही इस बारे में दूरभाष एक्सचेज के एसडीओ साहू ने भी कहा है कि सीमांत के गांवों में संचार की सुविधा की कमी लगातार बनी हुई है। हमारे विभाग द्वारा जिन गांवों में मोबाइल छावर लगाये गये वे वर्तमान में काम नही कर रहे है। वही बहुत जल्द इलों में संचार निगम कीटीम भेजकर गांवों में संचार सुविधा पटरी पर लाने की कवायद शुरू की जायेगी।

## न्यूज डायरी

### अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं होने से भयभत हैं शहर के लोग

**संवाददाता** हरिद्वार। अग्रसेन महासभा उत्तराखण्ड के प्रतिनिधिमण्डल ने प्रदेश महामंत्री डा.विशाल गर्ग के संयोजन में विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल से शिवालिक नगर में वृद्ध दंपत्ति हत्याकाण्ड के खुलासे व अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। ऋषिकेश स्थित विधानसभा अध्यक्ष के कैंप कार्यालय पर मुलाकात के दौरान महासभा की ओर से उन्हें एक ज्ञापन भी सौंपा गया। इस दौरान डा.विशाल गर्ग ने कहा कि हरिद्वार की पॉश कालोनी में गत दिनों अकेले रह रहे। वैश्य समाज के वृद्ध दंपति प्रह्लाद अग्रवाल व उनकी धर्मपत्नी गायत्री देवी की निर्मम हत्या कर दी गयी।

### गायत्री साधना से इंद्रिय संयमः डा. पण्ड्या

**संवाददाता** हरिद्वार। जिस तरह कछुआ प्रतिकुल अवसर आने पर अपने हाथ–पैर व सिर को सिकोड़कर अंदर समेट लेता है और बाहरी आडम्बरों से अपने अंगों को बचाये रखता है। उसी तरह साधक साधना से अपने इंद्रियों को संयमित कर मनोवांछित फल प्राप्त कर सकता है। नवरात्र के दिनों में मनोयोगपूर्वक गायत्री साधना करने से अपने इंद्रियों को संयमित किया जा सकता है। उक्त विचार प्रख्यात अध्यात्मवेत्ता डॉ प्रणव पण्ड्या ने नवरात्र साधना में अपने–अपने घरों में जुटे देश–विदेश के गायत्री साधकों से कही। वे नवरात्र साधना के दौरान नियमित रूप से वर्चुअल संदेश देते हुए साधकों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इंद्रियों की कामना पूर्ति करते रहने से उनकी इच्छाएं निरंतर बढ़ती जाती हैं, जो कुछ समय बाद विकट परिस्थितियां खड़ी हो जाती हैं।

### शंकराचार्य से आशीर्वाद प्राप्त किया

**संवाददाता** हरिद्वार। उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष प्रेम चंद अग्रवाल ने कनखल हरिद्वार में जगद्‌गुरु शंकराचार्य राजराजेश्वराश्रम में पहुंचकर शंकराचार्य से आशीर्वाद प्राप्त कर उनकी कुशलक्षेम भी पूछी श्री अग्रवाल ने कहा है कि भारतीय संस्कृति में आध्यात्मिक एवं धार्मिक गुरुओं का अत्यंत महत्व है नवरात्रों के अवसर पर शंकराचार्य के दर्शन करना एवं आशीर्वाद प्राप्त करना पुण्य लाभ के समान है। इस अवसर पर श्री अग्रवाल ने शंकराचार्य से उत्तराखंड में तीर्थाटन एवं धार्मिक पर्यटन के विषय में चर्चा वार्ता की। साथ ही होने वाले कुंभ के बारे में भी चर्चा वार्ता की गई। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री दिनेश भी उपस्थित थे।

## कुम्भ मेलाधिकारी दीपक रावत ने सूखी नदी पर बन रहे पुल का किया निरीक्षण



**संवाददाता** हरिद्वार। कुम्भ मेला 2021 को भव्य–दिव्य बनाने के लिए मेलाधिकारी हरिद्वार, दीपक रावत द्वारा कुंभ मेला क्षेत्र में सूखी नदी का निरीक्षण कर आवागमन हेतु बनाये जाने वाले अस्थाई पुल के सम्बन्ध आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारी को दिए। मेलाधिकारी हरिद्वार, दीपक रावत ने कहा कि कुम्भ मेला में जनसुविधाओं के आवागमन को देखते हुए सूखी नदी पर 44 मीटर लंबा पुल, जिसे 258 करोड़ के लागत से बनाया जा रहा है, और यह पुल मेला भीड़ को नियंत्रण में रखने हेतु भी कारगर होगा। इस पुल का निर्माण कार्य 20 दिसम्बर 2020 तक पूर्ण किया करने के लिये निर्देश दिए गए।

## विजया दशमी का त्योहार प्रतीकात्मक रूप से मनाया जायेगाः सी. रविशंकर



**संवाददाता** हरिद्वार। जिलाधिकारी सी0 रविशंकर ने मेला नियंत्रण भवन (सी0सी0आर0) हरिद्वार में कोविड–19 के सम्बन्ध में एक प्रेस वार्ता को सम्बोधित किया। सी0 रविशंकर ने कोविड–19 के टेस्टिंग के सम्बन्ध में पत्रकारों को बताया कि हम पहले 1500 के आसपास टेस्ट कर रहे थे। जबकि हमने 2000 प्रतिदिन टेस्ट करने का लक्ष्य रखा था। लेकिन अब हम इधर एक–दो दिन में दो हजार के लक्ष्य से भी अधिक 2100 से लेकर 2300 प्रतिदिन टेस्ट कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में इससे भी अधिक टेस्टिंग करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सेम्पिलिंग प्रतिदिन बढ़ रही है। लेकिन टेस्ट के लिये देहरादून आदि लैबों में भेजने की वजह से उनकी रिपोर्ट आने में विलम्ब हो रहा है। उन्होंने कहा कि आई0सी0एम0आर0 की स्वीकृति मिलने के पश्चात शीघ्र ही हमारे पास अपनी लैब हो जायेगी तथा लैब स्थापित करने की सारी तैयारियां हमने पूरी कर ली हैं।

जिलाधिकारी ने आगामी त्योहारों–दशहरा आदि का जिक्र करते हुये कहा कि बाजारों में भीड़ बढ़ना स्वाभाविक है। ऐसे ही मौकों पर निगरानी रखनी बहुत जरूरी है, क्योंकि भीड़भाड़ अधिक होने की वहज से संक्रमण का खतरा बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि विजया दशमी का त्योहार प्रतीकात्मक रूप से मनाया जायेगा।

# सीएम ने किया पार्टी कार्यालय के नये नवर्निमित कार्यालय का उदघाटन

**संवाददाता**

पिथौरागढ़। अपने एक दिवसीय निजी दौरे के दौरान राज्य के मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिह रावत ने बीते शुकवार को जिला मुख्यालय पहुंचकर पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए नवर्निमित कार्यालय का उदघाटन किया। वही दोपहर बारह बजकर तीस मिनट पर सीमांत के नैनी सैनी हवाई पटटी पर उतरकर मुख्यमंत्री ने जीजीआईसी स्कूल के पास नवर्निमित भाजपा पार्टी के कार्यालय का उदघाटन किया। वही जिले में कुछ योजनाओं का शिलान्यास करने व लोकार्पण करने के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद करने के बाद उन्होने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक भी ली। बता दें कि लंबे समय से जिले में भाजपा पार्टी के कार्यकर्ता अपने लिए नये कार्यालय के उदघाटन को लेकर प्रतीक्षा में चल रहे थे। वही मुख्यमंत्री ने जिले के पार्टी के कार्यकताटों के इस नवर्निमित भवन का उदघाटन पार्टी के लोगों की मुरीद पूरी कर दी है। इस कार्यालय के खुलने के बाद अब पार्टी के लोगों को बैठक व अन्य कार्यक्रम आयोजित करने में राहत मिलेगी। वही पार्टी कार्यकताटों के संवाद कर मुख्यमंत्री पार्टी कार्यकर्ताओं की नब्ज भी टटोर गये। मुख्यमंत्री ने जिले के पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कि अब मिशन 2022 को फतह करने के लिए आगे बडने के लिए पहल करनी पडेगी। उन्होने पार्टी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि प्रधनमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास कार्यो व मुख्यमंत्री विकास योजनाओं को जनता के बीच लेजाकर रखना होगा ओर जिले के लोगों से अपील करनी पडेगी कि प्रदेश सरकार द्वारा जिले के समस्त गांवों में जो तमाम योजनाओं दी गई उन सभी लोगों को अवगत कराने के साथ भाजपा पार्टी के हित में आगे भी सहयोग करने की अपील वे अपने दौरेंमें पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच रख गये। भाजपा पार्टी की विधायक श्रीमती चंद्रा पंत व भाजपा के वरिष्ठ नेता भूपेश पंत नगर पालिका अध्यक्ष राजेन्द्र रावत व तमाम पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कार्यकर्ताओ से संवाद कर जाना हाल

## स्कैप चैनल के शासनादेश को वापस लेने की माँग को लेकर धरना जारी

**संवाददाता** हरिद्वार। तीर्थ पुरोहितों के द्वारा स्कैप चौनल के शासनादेश को वापस लेने की माँग को लेकर चल रहा धरना तैंतीसवें दिन में प्रवेश कर गया है। आज उपवास पर आदित्य वशिष्ठ व अनमोल कौशिक बैठे। आदित्य वशिष्ठ ने कहा के माँ गंगा के साथ जो यह नाम परिवर्तन करने का जो खेल राजनीति के लिए किया गया था वो बहुत ही निंदनीय है। ऐसा करना सीधा माँ गंगा का अपमान करना है। अनमोल कौशिक ने कहा के सरकार को पुरोहितों की इस सही माँग को जल्द से जल्द पूरा करना चाहिए धरना स्थल से प्रधानमंत्री को व मुख्यमंत्री को ज्ञापन व अभी तक मिले समर्थन पत्रों को एकत्रित कर सिटी मैजिस्ट्रेट के माध्यम से भेजा गया। धरना स्थल पर सौरभ सिखौला, अनिल कौशिक, ओम प्रकाश श्रीकुंज, विमल कुमार पटुवर, अतुल कुमार शर्मा, उमाशंकर वशिष्ठ, नितिन पालीवाल, बादल वशिष्ठ, मनीष शर्मा, प्रदीप नीगारे, सिद्धार्थ त्रिपाठी, सुनिल चाकलान, सौरभ गौतम, सुशील चाकलान, नवीन पचभैय्या आदि पुरोहित मौजूद रहे।